प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 06.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से कृषि और ग्रामीण बदलाव पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे।
- राजस्थान उच्च न्यायालय ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों के जर्जर भवनों से जुडे मामले में सरकार से 19 मार्च तक कार्य योजना प्रस्तुत करने को कहा है।
- अरब सागर में बने चक्रवाती तंत्र के प्रभाव से प्रदेश में गर्मी का असर तेज हुआ–अगले दो–तीन दिन तापमान में और बढोतरी की संभावना।
- भारत इंग्लैण्ड को हराकर आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में पंहुचा–खिताबी जंग 8 मार्च को न्यूजीलैण्ड से होगी।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह वीडियो काफ्रेंस के माध्यम से कृषि और ग्रामीण बदलाव पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस विषय के तहत आठ वेबिनार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, इनमें चार प्रमुख सेक्टर–कृषि, पशुपालन और डेयरी, मत्स्य पालन और ग्रामीण आजीविका पर चर्चा होगी। बजट पश्चात वेबिनार में उच्च मूल्य के कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। इसके लिए काजू, नारियल, चंदन, बादाम, अखरोट और चिलगोजे की आर्थिक रूप से अधिक लाभकारी खेती पर विचार होगा। वेबिनार में एआई सक्षम कृषि डिजिटल बुनियादी ढांचा– भारत विस्तार से उपलब्ध अवसरों पर भी चर्चा होगी। वेबिनार के सत्रों में निजी क्षेत्र के निवेश और पशु पालन मूल्य श्रृंखला में उद्यमिता तथा स्वःसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाये गये उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने पर भी चर्चा होगी।

0000

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के उन्मूलन और स्वास्थ्य क्षेत्र में वैश्विक सहयोग मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक, टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस के साथ वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों पर वर्चुअल माध्यम से मीडिया को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि भारत ने इसकी शीघ्र पहचान, रोकथाम और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि 30 से 65 वर्ष की महिलाओं के लिए इस समस्या की पहचान की सुविधा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है।
साथ ही 14 साल की बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण की राष्ट्रव्यापी मुहिम शुरू की गई है। इधर प्रदेश में जन स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि टीकाकरण से पहले परिजनों की सहमति ली जायेगी।

0000

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर बारीकी से नज़र रखी जा रही है। भारत में कल घरेलू विमानन कंपनियों की कुल दो सौ 81 उड़ानें रद्द हुईं। सोशल मीडिया पोस्ट में मंत्रालय ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए स्थापित नियंत्रण कक्ष चौबीस घंटे सक्रिय है। मंत्रालय ने कहा कि अब तक कुल एक हज़ार चार सौ 61 शिकायतों का निपटान किया गया है। अमेरीका इसरायल ईरान संघर्ष के कारण मध्यपूर्व में युद्ध के हालात का असर प्रदेश के लोगों पर भी पड़ा है। वागड और मेवाड क्षेत्र से रोजगार के लिए खाडी देशों में रह रहे प्रवासियों के परिवारों में चिंता व्याप्त है। इसके साथ ही कई पर्यटक भी प्रभावित शहरों में अटके हुए है और जल्द वापसी की कोशिश कर रहे है। इस बीच जोधपुर से दुबई गये 120 श्रद्धालुओं की कल सकुशल वापसी हो गई।

0000

ग्रामीण विकास मंत्रालय, माई भारत के सहयोग से, आज से राष्ट्रव्यापी वीबी जी राम जी युवा डिजिटल अभियान शुरू कर रहा है। इसका उद्देश्य विकसित भारत – ग्रामीण रोजगार और आजीविका मिशन अधिनियम, 2025 के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस पहल के तहत युवाओं को प्रश्नोत्तरी, वीडियो चुनौतियों और रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से जोडा जायेगा। ताकि इसे एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जन आंदोलन बनाया जा सके। अभियान के अंतर्गत, 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर की शार्ट वीडियो, रील या एनिमेटेड वीडियो प्रतियोगिता '60 सेकंड फॉर माई विलेज' भी आज से शुरू की जा रही है। युवा माई भारत पोर्टल के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

00000

राज्य विधानसभा की कार्यवाही आज प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। इसके बाद विधायक श्रीचंद कृपलानी और गोविंद सिंह डोटासरा ध्यानार्षण प्रस्तावों के जरिये संबंधित मंत्रियों का ध्यान आकर्षित करेंगे। इसमें मेवाड क्षेत्र के महाविद्यालयों की आरयूएचएस से सम्बद्धता मारवाड मेडिकल विश्वविद्यालय जोधपुर में करने और पशुपालन विभाग में कथित अनियमितता के प्रकरण शमिल है। सदन के पटल पर वित्त कर विभाग की अधिसूचना और राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड का वार्षिक प्रतिवेदन रखा जायेगा। विधानसभा में आज उपबंध विधेयक–2026 भी विचारार्थ रखा जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज विधानसभा में सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रेरक महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा।

0000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों के जर्जर भवनों से जुडे मामले में सरकार से कार्य योजना पेश करने को कहा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल और जस्टिस अशोक कुमार की खण्ड पीठ ने ये आदेश झालावाड स्कूल हादसे के बाद स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिये। अदालत ने मुख्य सचिव को कहा कि वे 19 मार्च तक स्कूलों के निर्माण और मरम्मत कार्य योजना के बारे में बताये। खण्डपीठ ने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अन्यथा आगामी सत्र से केवल उन्हीं स्कूलों में कक्षाएं चलायी जाये जिनके भवनों को चार्टेड इंजीनियर सही माने।

0000

आरटीई में आवेदन के लिए अंतिम तारीख बढाकर 10 मार्च कर दी गई है। शिक्षा विभाग के अनुसार होली के अवकाशके कारण कई अभिभावक आवेदन नहीं कर पाये। इसे देखते हुए पहले निर्धारित अंतिम तिथि 4 मार्च को अब बढा दिया गया है। प्रवेश की लॉटरी अब 6 मार्च के स्थान पर 12 मार्च को निकाली जायेगी।

0000

अरब सागर में बने एंटीसाइक्लोन का प्रभाव राज्य में तापमान बढोतरी के रूप में देखा जा रहा है। इससे दिन के समय तेज गर्मी का एहसास हो रहा है और तापमान सामान्य से 4 से 8 डिग्री अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर क्षेत्र पर बने चक्रवाती तंत्र के प्रभाव से अगले दो–तीन दिनों में तापमान में और बढोतरी की संभावना है। अधिकतर स्थानों पर तापमान सामान्य से 4 से 8 डिग्री अधिक रहने और कहीं–कहीं दिन का तापमान 40 डिग्री दर्ज होने के आसार है।

वहीं पश्चिमी राजस्थान में गर्म हवाओं का दौर तेज हो सकता है। इस बीच कल बाडमेर में पारा 39 डिग्री के आस–पास पंहुच गया। वहीं चित्तौडगढ, पाली, जैसलमेर, फलौदी और बीकानेर में भी अधिकतम तापमान 37 डिग्री के पार मापा गया। प्रदेश में 24 स्थानों पर दिन का पारा 35 डिग्री से अधिक रहा। राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 35 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज गर्मी के मद्देनजर शहर में प्रशासन की ओर से पानी की आपूर्ति का विस्तृत जायजा लिया जा रहा है।

0000

भारत आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में पहुंच गया है। कल शाम खेले गये सेमिफाइनल में भारत ने इंग्लैण्ड को 7 रनों से हराया। मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में दूसरे सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबले में जीत के लिये 254 रन के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 246 रन ही बना सकी। भारत ने पहले बल्लेबाजी की। संजू सैमसन ने 42 गेंदों में शानदार 89 रन बनाए। सैमसन को प्लेयर ऑफ द् मैच घोषित किया गया। फाइनल में भारत और न्यूजीलैण्ड आमने सामने होंगे। ये खिताबी जंग अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 8 मार्च को होगी।

0000